# भारतीय प्रशिक्षुता प्रणाली का संभावित भविष्य

## भारत के लिए वैकल्पिक पेपर



THE WORLD BANK

# भारतीय प्रशिक्षुता प्रणाली का संभावित भविष्य

## भारत के लिए वैकल्पिक पेपर

THE WORLD BANK

स्वत्वाधिकार © 2013 अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक/विश्वबैंक

प्रथम प्रकाशन : 2013

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम कार्यालय के प्रकाशनों को सार्वभौमिक स्वत्वाधिकार सन्धिपत्र की प्रोटोकॉल सं. 2 के अन्तर्गत स्वत्वाधिकार प्राप्त हैं। तथपि, इनके संक्षिप्त अंशों को बिना प्राधिकरण के पुनरुत्पादित किया जा सकता है बशर्ते स्रोत इंगित किया जाए। पुनरुत्पादन अथवा अनुवाद के अधिकार प्राप्त करने के लिए, ILO Publishing (Rights and Licensing), International Labour Office, CH-1211 Geneva 22, Switzerland, पर अथवा ईमेलः pubdroit@ilo.org पर आवेदन भेजा जाना चाहिए। आईएलओ एवं विश्वबैंक, इस प्रकार के आवेदनों का स्वागत करते हैं।

पुनरुत्पादन अधिकार संगठनों के साथ पंजीकृत पुस्तकालय, संस्थान एवं अन्य प्रयोक्ता, इस प्रयोजन से उन्हें जारी किए गए अनुज्ञा–पत्रों के अनुसार प्रतिलिपियाँ निर्मित कर सकते हैं। अपने देश में पुनरुत्पादन अधिकार संगठन के विषय में जानने के लिए कृपया www.ifrro.org पर पधारें।

यह आवश्यक नहीं है कि इस प्रकाशन में व्यक्त परिणाम, व्याख्याएं एवं निष्कर्ष, विश्वबैंक के, उसके कार्यकारी निदेशक मण्डल के अथवा उनके द्वारा प्रतिनिधीत सरकारों के मतों को ही प्रतिबिम्बित करते हों।

इस कार्य के प्रकाशन का अर्थ यह नहीं है कि अन्तर्राष्ट्रीय श्रम कार्यालय, इसमें व्यक्त किए गए मतों का अनुमोदन करता है।

विश्वबैंक एवं आईएलओ इस कार्य में सम्मिलित आँकड़ों के परिशुद्ध होने का दायित्व नहीं लेते। इस कार्य में प्रस्तुत किसी भी मानचित्र में दर्शाई गईं सीमाओं, रंगों, सम्प्रदायों एवं अन्य जानकारियों का तात्पर्य किसी राज्य क्षेत्र की विधिक स्थिति के सम्बन्ध में विश्वबैंक अथवा आईएलओ की ओर से किसी प्रकार के निर्णय के रूप में अथवा इस प्रकार की सीमाओं के अनुमोदन अथवा स्वीकृति के रूप में नहीं लिया जा सकता है।

आईएलओ के प्रकाशनों को कई देशों में प्रमुख पुस्तक–विक्रेताओं अथवा आईएलओ के स्थानीय कार्यालयों के माध्यम से, अथवा ILO Publications, International Labour Office, CH-1211 Geneva 22, Switzerland से सीधे प्राप्त किया जा सकता है। नवीन प्रकाशनों की नामावली अथवा सूची, उपरोक्त पते पर अथवा ईमेल : pubvente@ilo.org पर निःशुल्क उपलब्ध हैं।

आईएलओ प्रकाशनाधीन प्रसूचीकरण

भारतीय शिक्षुता प्रणाली के सम्भव भविष्य : भारत के लिए विकल्प पत्र/अन्तर्राष्ट्रीय श्रम कार्यालय, दक्षिण एशिया में आईएलओ डीडबल्यूटी, और भारत में आईएलओ देश कार्यालय; विश्वबैंक – नई दिल्ली : आईएलओ, 2013.

ISBN: 9789221279198 (मुद्रण)
ISBN: 9789221279204 (वेब पीडीएफ़)

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम कार्यालय; दक्षिण एशिया में आईएलओ डीडब्ल्यूटी और भारत में आईएलओ देश कार्यालय; विश्वबैंक शिक्षुता/प्रशिक्षण प्रणाली/व्यावसायिक प्रशिक्षण/भारत

हमारी वेबसाइट पर पधारें : www.ilo.org/publns

नई दिल्ली में मुद्रित

# विषय–सूची


| | |
|---|---|
| आभार | iv |
| भूमिका | v |
| परिचय | 1 |
| पृष्ठभूमी | 2 |
| भारतीय प्रशिक्षुता प्रणाली | 4 |
| भारतीय प्रसंग के लिए एक आदर्श प्रशिक्षुता प्रणाली की पहचान के लिए सुविधाओं की संभावित आवेदन | 21 |
| भारत के लिए संभावित विकल्प | 26 |
| दो मुद्देः व्यवस्था का विस्तार और अनौपचारिक प्रशिक्षुता | 33 |
| अनुमोदक | 36 |
| परिशिष्ट 1: भारतीय प्रशिक्षुता प्रणाली पर चयनित दस्तावेजों का विश्लेषण | 38 |

# आभार

यह प्रकाशन आईएलओ एवं विश्वबैंक के मध्य के एक सहयोगी प्रयास का परिणाम है। पॉल कोमाइन, वरिष्ठ व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विशेषज्ञ एवं अंजना चेलानी, आईएलओ की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी, और नलिन जेना, विश्वबैंक के वरिष्ठ शिक्षा विशेषज्ञ के तकनीकी नेतृत्व एवं मार्गनिर्देशन में, इस रिपोर्ट को ऐरिका स्मिथ, बालराट विश्वविद्यालय एवं रोस ब्रेनन केमिस, चार्ल्स स्टर्ट विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया द्वारा तैयार किया गया है। श्री शारदा प्रसाद, भूतपूर्व महानिदेशक एवं अपर सचिव, श्रम एवं रोज़गार मन्त्रालय, भारत सरकार ने इस विश्लेषणात्मक कार्य को न केवल सहयोग एवं संरक्षण प्रदान किया है बल्कि भारतीय सन्दर्भ में इसकी प्रासंगिकता की जाँच करने हेतु तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया है। श्री सरवनवबा, उपमहानिदेशक एवं शिक्षुता योजना के प्रभारी, श्रम एवं रोज़गार मन्त्रालय, ने विकल्प पत्र की समीक्षा की है एवं कर्मठतापूर्ण टिप्पणियाँ प्रदान की हैं। मसौदा विकल्प पत्र को आईएलओ एवं विश्वबैंक द्वारा संयोजित एक राष्ट्रीय कार्यशाला में साझा किया गया था। इस कार्यशाला में भारत सरकार, राज्य सरकारों, उद्योगों, उद्योग संगठनों, व्यावसायिक संस्थाओं, श्रमिक संघों, राष्ट्रीय स्तर के अकादमिक संस्थानों, सार्वजनिक एवं निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं के प्रतिनिधियों एवं राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भाग लिया था। इस रिपोर्ट में कार्यशाला से प्राप्त हुई टिप्पणियों एवं अनुशंसाओँ को समाविष्ट किया गया है।

अन्त में, विश्वबैंक डीएफ़एलडी को एक ट्रस्ट फ़ंड के माध्यम से अपने संसाधन प्रदान करने के लिए धन्यवाद देना चाहता है।

# भूमिका

भारतीय कौशल विकास प्रणाली में सुधार तीव्र गती से हो रहा है, योजनाओ में महत्वपूर्ण परिवर्तन के साथ और कई मुख्य क्षेत्रों में कौशल की आपूर्ती की जा रही है जिससे की भारतीय अर्थव्यवस्था की बढ़ती मांगों को पूरा किया जा सके।

औपचारिक कार्यस्थल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को वर्तमान माहौल में जांचा जा रहा है ताकि राष्ट्रीय कौशल विकास नीति 2009 के प्रमुख तत्वों में प्रगति आ सके। विशेष रूप से, प्रशिक्षुता युवाओं के लिए उपयोगी साबित हुआ है, क्योंकि इसके द्वारा वे आसानी से स्कूल और रोजगार के बीच पारगमन कर सकते हैं और इसके साथ ही इससे उद्योग और प्रशिक्षण संस्थाओं के बीच के संबंध सुधर रहे हैं। भारतीय प्रशिक्षुता प्रणाली भली भांति स्थापित है और इसे कई दशकों से विधायी और प्रशासनिक प्रणालियों द्वारा समर्थन मिलता रहा हैं। हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय मानकों ने इसे कम उपयोगी माना है क्योंकि उनके अनुसार नियोक्ताओं के लिए अपर्याप्त प्रोत्साहन के साथ साथ संरचना एवं संसाधनों में भी कमी है जिसके कारण व्यावसायिक परिणामों को समर्थन नहीं मिल रहा है।

इस संदर्भ में, आईएलओ और विश्व बैंक ने संयुक्त रूप से मिलकर एक अध्ययन किया है जिसमें प्रशिक्षुता एवं कार्यस्थल में अंतर्राष्ट्रीय व्यवहार की समीक्षा की गई है और कई विकल्पों को सुझाया गया है जिसके तहत भविष्य में भारतीय प्रशिक्षुता प्रणाली में विकास किया जा सके।

यह कार्य दो अलग–अलग चरणो में शामिल है, पहले चरण में भारत सहित ग्यारह अन्य राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रणालियों की अंतर्राष्ट्रीय समीक्षा की गई है और प्रशिक्षुता ढ़ाचें को आदर्श बनाने के लिए उसका विकास किया जा रहा है। दूसरे चरण में वैकल्पिक पेपर को विकसित किया गया है जिससे भविष्य में भारतीय प्रशिक्षुता प्रणाली में सुधार हो सके और इसके लिए आदर्श ढ़ाचें को भारत के विशेष संदर्भ में लिया गया है।

इस रिपोर्ट में भारतीय विषय पर अध्ययन और केवल विकल्प पेपर को सुधार में लाने का संदर्भ प्रस्तुत है, इस रिपोर्ट ने पहले भी भारत में चल रहे प्रशिक्षुता प्रणाली पर समय–समय पर सुझाव दिए हैं।

यह रिपोर्ट कौशल नीति पर उच्च गुणवत्ता तकनीकी की जानकारी और हमारे दो संगठनों के बीच प्रभावी सहयोग का सबूत देता है और इसी कारण हम इसे उदाहरण के तौर पर सिफारिश कर रहे हैं।

**श्री टीने स्टेरमोस**
*निर्देशक*
आईएलओ दक्षिण एशिया और
भारतीय कार्यालय के लिए सभ्य कार्यदल

**श्री ओनो रूहल**
*निर्देशक*
विश्व बैंक भारतीय कार्यालय

# परिचय

इस रिपोर्ट  का उद्देश्य दस अन्य राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रणाली से मिले सुझावों को इस्तेमाल में लाना है जिससे कि भारतीय व्यवस्था के लिए विकल्प प्रस्तुत हो सके। ये देश हैः तुर्की, इंडोनेशिया, मिस्र, दक्षिण अफ्रिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी और फ्रांस। अनुसंधान परियोजना के अंतर्राष्ट्रीय चरण की रिपोर्ट अलग से उपलब्ध है।[1] बाद के चरण में अन्य देशों के मामलों का अध्ययन किया गया है जिसमें इन देशों के व्यवस्था (भारतीय मामले के अध्ययन के साथ), क्रॉस मामले का विश्लेषण और आदर्श प्रशिक्षुता प्रणाली के लिए प्रस्तावित ढांचें के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है जिसे एक आम संरचना में प्रस्तुत किया गया है।

भारत के विकल्पों को सितम्बर 2012 में नई दिल्ली के तकनीकी परामर्श में प्रस्तुत किया गया था और उस परामर्श के परिणामों को इस रिपोर्ट में शामिल किया गया है। इस परामर्श ने यह संकेत दिया कि व्यवस्था में सुधारवादी परिर्वतनों के लिए काफी व्यापक समर्थन है।

जैसा कि इस रिपोर्ट में प्रस्तावित विकल्पों की प्रयोज्यता का मूल्यांकन करने का प्रयास किया गया है, फिर भी ऐसा माना जा रहा है कि विकल्प की उपयुक्तता को उन लोगो द्वारा सही से निर्धारित किया जा सकता है जिनको भारतीय व्यवस्था का विस्तृत अनुभव और ज्ञान है। इसके अतिरिक्त ये कहना जरूरी है कि इस प्रणाली के लिए एक पूरी नई रूपरेखा का प्रस्ताव नहीं रखा गया है। अन्य देशों के अनुभव से ये स्पष्ट रूप से साफ है कि व्यवस्था को एक राष्ट्रीय संस्कृति से अन्य संस्कृति में प्रत्यारोपित नहीं किया जा सकता है, हालांकि, राष्ट्रीय व्यवस्था के व्यक्तिगत विशेषताओं को विशेष समय पर शुरू और अनुकूलित किया जा सकता है।

1 स्मिथ ई, ब्रेन्नान केम्मिज आर, एट ऑल 2013। आदर्श प्रशिक्षुता ढ़ांचें की ओर, राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रणाली पर तुलनात्मक अध्ययन, जेनेवाः आईएलओ।

# पृष्ठभूमी

प्रशिक्षुता भारतीय कार्यबल को योग्य बनाने में एक बड़ी भूमिका निभा सकती है, विभिन्न दलों (नियोक्ताओं, व्यक्तियों और सरकार) के बीच लागत साझा करने का अवसर प्रदान करके तथा सरकार, नियोक्ताओं और कर्मचारियों को भागीदारी में शामिल करके। प्रशिक्षुता के विस्तार के लिए व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण को दूसरे वर्गो में हो रहे सुधार के साथ काम करने की जरूरत है जैसे कौशल परिषद और राष्ट्रीय व्यावसायिक योग्यता प्रणाली। प्रणाली के विस्तार में, गुणवत्ता का पूर्व प्रख्यात विचार होना चाहिए।

प्रशिक्षुओं के लिए, प्रशिक्षुता उन्हे सीखने के साथ आय अर्जित करने का भी मौका देती है और सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण को जोड़ती है। प्रशिक्षुओं के आकांक्षाओं की पूर्ति किसी भी तरह के सुधार का केंद्रीय हिस्सा होना चाहिए। नियोक्ताओं के लिए, प्रशिक्षुता को प्रशिक्षण का एक संरचित रूप प्रदान करना चाहिए जिससे कि जिन लोगो ने प्रशिक्षुता को संपूर्ण किया है उनमें विश्वास और गुण आ सके।

यह रिपोर्ट व्यापार प्रशिक्षु प्रणाली पर केंद्रित है। हालांकि, स्नातक, तकनीशियन और तकनीशियन (व्यावसायिक) प्रशिक्षुओं के लिए अनुवाद का विकल्प संभव है। रिपोर्ट औपचारिक प्रशिक्षुओं के साथ पेपर के अंत में अनौपचारिक प्रशिक्षुता पर केंद्रित है।

## 20 वीं से 21 वीं सदी में स्थानांतरण

भारतीय प्रशिक्षुता प्रणाली अच्छी तरह से स्थापित और विनियमित है। हालांकि, कई दूसरे देशों के मुकाबले, आधुनिक भारतीय प्रणाली को बीसवीं सदी के मध्य में निर्धारित किया गया था। उस वक्त अर्थव्यवस्था काफी अलग थी (उदाहरण के तौर पर विनिर्माण पर अधिक जोर था) और काम और अध्ययन की अपेक्षाऐं भी अलग थी। विशेष रूप से, उस समय के बाद से दुनिया भर की ये उम्मीद बदल गई है जहां माना जाता था कि अध्ययन, काम करने के आरंभ से ही शुरू हो जाती है।

दूसरे देश भी प्रशिक्षुता प्रणाली को बदलने की जरूरत से जुझ रहे हैं। एंग्लोफोन दुनिया में, ऑस्ट्रेलिया (1980 और 1990 में) और हाल ही में ब्रिटेन ने प्रशिक्षुता प्रणाली को बड़े पैमाने पर अपने अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्र में फैलाया है (गैर स्थान तक नौकरियों में भी)। इन देशो में परिपक्व वर्ग के श्रमिकों के साथ युवाओं और वैसे लोग जो पहले से ही कम्पनी में काम कर रहे हैं, इन सभी को प्रशिक्षुता प्रणाली को अपनाने की अनुमती है। उदाहरण के लिए, ब्रिटेन में एक दशक से भी कम के समय में प्रशिक्षुता में दस गुणा की वृद्धि हुई है। दूसरी ओर, कनाडा जैसे देशो ने अपनी प्रशिक्षुता प्रणाली के विनिर्माण और निर्माण के कामों कों सीमित कर रखा है, हालांकि उनकी प्रणाली सफल है पर उनका फैलाव संकीर्ण है।

भारत के पास विकल्प है कि वो या तो प्रशिक्षुता को बड़े पैमाने में स्थानांतरित कर दे या फिर प्रशिक्षुता प्रणाली को अपेक्षाकृत तौर पर सीमित रखें। वर्तमान में, भारत में लगभग 500 करोड़ श्रम बल की तुलना में केवल 300,000 प्रशिक्षु हैं। कर्मचारियों की संख्या का कम से कम 0.01 प्रतिशत नकारात्मक तुलना इस रिपोर्ट में उन देशो से किया गया है जिनके पास छोटे प्रणाली हैं जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका में कर्मचारियों का 0.3 प्रतिशत का भागीदारी दर है। हमने छोटे प्रणाली देशों की तूलना बड़े प्रणाली देशों से की जैसे जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया इन दोनो का करीब 3.7 प्रतिशत कार्यबल प्रशिक्षुता में भाग लेता है।

हालांकि, ये याद रखने की जरूरत है कि भारत का करीब 90 प्रतिशत अर्थव्यवस्था अनौपचारिक है और इसलिए भारत के औपचारिक कार्यबल का करीबन 0.1 प्रतिशत भाग प्रशिक्षु है। ये भाग अभी भी छोटे प्रणाली देशों की तुलना में कम है लेकिन ये दूसरे विकासशील देशो से स्थायी है।

वर्तमान प्रणाली का पूर्णतया छोटा आकार आधुनिक और लक्षित प्रणाली को सुधारने का अवसर प्रदान करता है जिसमें कम समायोजन लागत की आवश्यकता है और इन्हें उन देशो के बड़े प्रणाली के तुलना में पूर्णतया कम बाधा का सामना करना पड़ता है जो अपने दिशा को बदलना चाहते हैं। प्रणाली को नये सिरे से बनाने में भी ऐसा अवसर मिलता है जहां अनौपचारिक अर्थव्यवस्था और अनौपचारिक प्रशिक्षुता को एक व्यापक प्रणाली में शामिल किया जा सके।

# भारतीय प्रशिक्षुता प्रणाली

## भारतीय प्रणाली का अवलोकन

रिपोर्ट के इस खंड में वर्तमान भारतीय प्रणाली का वर्णन किया गया है जिसकी जानकारी भारतीय प्रणाली एवं भारतीय श्रम बाजार से संबंधित नवीनतम रिपोर्ट, कानून, और अन्य प्रासंगिक साहित्य एवं दस्तावेजों से ली गई है। इसके अलावा, कुछ विद्वानों ने साहित्यों की जांच की है। इसका केंद्र बिंदु व्यापार प्रशिक्षुता है। (जिन्हें श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा देखा जाता है ना कि स्नातक और प्रविधिज्ञ प्रशिक्षुता द्वारा। इस दस्तावेज में व्यवस्थाओ के कारण आ रही समस्याओं पर चर्चा और इनसे जुड़ी सिफारिशों और सुधारों को प्रस्तावित किया गया है। सात मुद्दों पर गहराई से चर्चा के बाद इसे समाप्त किया गया है।

इस दस्तावेज को ब्रेमेन विश्वविद्यालय (रॉय, 2013) के डॉ विभूती रॉय द्वारा भारत के प्रारंभिक मामले पर की गई अध्ययन के पूर्ण परियोजना रिपोर्ट से तैयार किया गया है। यह दस्तावेज ना तो व्यापक है और ना ही ये तेजी से हो रहे विकास के जटिल प्रणालियों की सभी बारीकियों को संग्रहित करने का दावा करती है।

निम्नलिखित हितधारको से टेलीफोन पर की गई बातचीत इस प्रकार है:

- श्री मनीष सभरवाल, सीईओ टीम लीज सर्विसेस, एवं भारतीय प्रशिक्षुता (2010) में योजना आयोग के उप समिति के अध्यक्ष।
- डॉ. पॉल कोमयन, वरिष्ठ व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विशेषज्ञ, दक्षिण एशिया के अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठण सभ्य कार्य दल।
- श्री जयन्त कृष्णा, प्रधान सलाहकार, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस।
- श्री दिनेश निझावण, निर्देशक, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिर्देशालय।

हितधारकों के बातचीत से स्पष्ट है कि भारत में प्रशिक्षुता की प्रक्रिया विवादास्पद और सक्रिय सार्वजनिक नीति है। अन्य श्रम बाजार के मुद्दों में परस्परच्छेद है। जहां, कई अन्य देश इस क्षेत्र में अनिश्चितता और विवादों का सामना कर् रहे है, वहीं, इसके आकार और एकरूपता में कमी के साथ इसके प्रमुख हिस्से में अनौपचारिक प्रशिक्षुता के कारण भारत में विशेष रूप से ज्यादा चुनौती है। इसके अलावा भारत में युवाओं की बेरोजगारी उच्च स्तर पर है, करीब 50 प्रतिशत (नागराजण एवं कलीयामूर्ती, 2010), शहरी क्षेत्रो के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी उच्च स्तर पर है। ऐसा प्रतीत होता है कि व्यवस्था में परिर्वतन की जरूरत पर समझौता किया गया है लेकिन सुधार की प्रकिया अभी स्पष्ट नही है।

## पृष्ठभूमी की जानकारी

भारत लगभग 1.2 अरब लोगों के साथ दुनिया की दूसरी सबसे अधिक आबादी वाला देश है। 2001 से 2011 के दौरान इसकी आबादी 1.76 प्रतिशत प्रति वर्ष बढ़ी है, पिछले दशक (1991 से 2001) के तुलना में ये 2.13 प्रतिशत कम है। यदि इसी गती से जनसंख्या बढ़ती रही तो भारत में 2025 तक 1.45 अरब लोग हो जाऐंगें (व्यावसायिक शिक्षा की केंद्र संस्था बीआईबीबी, 2011 द्वारा कथित)।

भारत पिछले दो दशकों से वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद में 5.8 प्रतिशत की विकास दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और 2011 से 2012 के दौरान यह 6.1 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। सकल घरेलू उत्पाद में संगठन क्षेत्र का 55.6 प्रतिशत, औद्योगिक क्षेत्र का 26.3 प्रतिशत और कृषि क्षेत्र का 18.1 प्रतिशत का योगदान रहा है (अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, 2011)। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था अमेरिकन डॉलर 1.676 अरब के करीब है जो कि बाजार विनिमय दरों द्वारा ग्याहरवां सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था है। अर्थव्यवस्था में बढ़त संगठनों के फैलाव के कारण हुआ है जैसे संचार, व्यापार, वित्तिय और समुदाय क्षेत्र अन्य क्षेत्रों के तुलना में लगातार तेजी से बढ़ रहे हैं। तर्क यह दिया जाता है कि भारत में विकास की प्रक्रिया निश्चित है और देश की आर्थिक संरचना में परिवर्तन के दौरान यह अपने मध्यवर्ती औद्योगीकरण के नेतृत्व वाले चरण को शायद पीछे छोड़ रहा है। लेकिन आर्थिक विकास को बेरोजगार प्रकृति के रूप में चित्रित किया गया है जो कि एक गंभीर चिंता का विषय है (विर्मानी, 2004)।

भारत 48,76,00,000 कार्यकर्ताओं के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी श्रम शक्ति है (अर्थशास्त्री, 2011)। राष्ट्रीय कार्यबल अधिकतम कृषि क्षेत्र में रोजगार करती है और कृषि उत्पादन में भारत दुनिया भर में दूसरे स्थान पर है (ओल्सन, 2009)। अर्थव्यवस्था के विकास और विस्तार को जारी रखने के लिए ऐसा माना जा रहा है कि कर्मचारियों का एक बड़ा हिस्सा प्राथमिक (कृषि क्षेत्र) से माध्यमिक और तृतीयक क्षेत्रो में पलायन करेगा। सकल घरेलू उत्पाद में संगठन क्षेत्र का 55.6 प्रतिश्त, औद्योगिक क्षेत्र का 26.3 प्रतिश्त और कृषि क्षेत्र का 18.1 प्रतिश्त का योगदान है (अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, 2011)। इन दोनो क्षेत्रों में जिस कौशल की आवश्यकता है वो कृषि क्षेत्र से बिल्कुल अलग है (भारतीय परिसंघ के वाणिज्य एवं उद्योग संस्था {फिक्कि}, 2010)। इसका अर्थ है कि जब यह पलायन होगा तब योग्यता में बड़े पैमाने पर अंतर आएगा। 2022 तक उम्मीद है कि भारत में 500 करोड़ का एक कुशल कार्यबल तैयार हो जाएगा (श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, 2010) और यह नीति बहुत ही महत्वाकांक्षी है।

**चित्र 1:** वर्तमान भारत में शिक्षा और कौशल विकास के ढांचें की संरचना




**स्रोतः** भारत में कौशल विकास प्रकृति पर फिक्कि (2010) की रिपोर्ट।

## भारतीय शिक्षा और प्रशिक्षण प्रणाली

निम्न आरेख (चित्र 1) भारतीय शिक्षा और प्रशिक्षण प्रणालियों की बुनियादी संरचना, और विभिन्न घटकों की जिम्मेदारियों को दर्शाता है।

उच्च शिक्षा और विद्यापीठ शिक्षा के सभी पहलुओं को मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) द्वारा देखा जाता है। विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा विभाग विद्यापीठ शिक्षा (कला, विज्ञान, वाणिज्य आदि) के लिए उत्तरदायी हैं जबकि इंजीनियरिंग शिक्षा, पॉलिटेक्निक आदि तकनीकी शिक्षा के श्रेणी में हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) धन के रूप में अनुदान प्रदान करती है और निर्देशांक के साथ ही शिक्षण, परीक्षा और विश्वविद्यालयों में अनुसंधान के मानकों को भी तय करती है। तकनीकी शिक्षा के लिए अखिल भारतीय परिषद (एआईसीटीई) भारत में तकनीकी शिक्षा के लिए नियामक संस्थान है। उनका उद्देश्य हैः– 1. तकनीकी शिक्षा में गुणवत्ता को बढ़ावा देना, 2. तकनीकी शिक्षा प्रणाली में योजना द्वारा समन्वित विकास करना और 3. मानदंड़ों और मानकों का रखरखाव करना।

वर्तमान व्यावसायिक प्रशिक्षण के बुनियादी ढांचें का एक बड़ा हिस्सा सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में हैं जिनको श्रम एवं रोजगार मंत्रालय (एमओएलई) और रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीईटी) द्वारा विनियमित किया जाता है। व्यावसायिक प्रशिक्षण राष्ट्रीय परिषद (एनसीवीटी) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, निती मानकों के साथ व्यापार परीक्षण के माध्यम से प्रमान पत्र के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) को सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत वित्त मंत्रालय के श्रेणी में स्थापित किया गया है ताकि निधीकरण में व्यावहारिकता का अंतर प्रदान किया जा सके और निजी क्षेत्र के पहल को समन्वित किया जा सके। कौशल विकास के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय निगम

**तलिका 1:** भारतीय शिक्षा और कौशल विकास प्रणाली में नामांकन

| श्रेणी | उप–श्रेणी | नामांकन |
|---|---|---|
| विद्यालय शिक्षा | पूर्व प्राथमिक छात्र | 5,264,053 |
| | प्राथमिक (कक्षा 1 से 5) | 132,048,727 |
| | माध्यमिक (कक्षा 6 से 8) | 52,195,171 |
| | उच्च विद्यालय (कक्षा 9 से 10) | 24,971,520 |
| | उच्च माध्यमिक शिक्षा (कक्षा 11 से 12) | 13,414,499 |
| | **कुल** | **227,893,970** |
| व्यावसायिक प्रशिक्षण | व्यावसायिक प्रशिक्षण आईटीआई या आईटीसी | 1,062,524 |
| उच्चतर शिक्षा | पीएचडी/डी.एससी/ डी. फील | 36,019 |
| | एम.ए. | 481,521 |
| | एम.एस.सी. | 230,247 |
| | एम.कॉम. | 156,714 |
| | बी.ए. या बी.ए. ऑनर्स | 3,727,727 |
| | बी.एस.सी. | 1,579,355 |
| | बी.कॉम. | 1,455,457 |
| | बी.ई. या बी. आर्च | 1,668,228 |
| | चिकित्सा, दंत चिकित्सा, नर्सिंग, आदि | 305,629 |
| | बी.ऐड | 244,825 |
| | मुक्त विश्वविद्यालयों में नामांकन | 773,917 |
| | पॉलीटेक्निक संस्थान | 690,410 |
| | अन्य | 2,973,517 |
| | **कुल** | **14,323,566** |

**स्रोतः** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय (एमओएलई) 2009–2010 का वार्षिक रिपोर्ट।

को स्थापित किया गया है ताकि वो कौशल विकास के प्रक्रिया को समन्वित कर सकें। शिक्षा और कौशल विकास प्रणाली की योग्यता को उपर दिए गए तालिका संख्या 1 में दर्शाया गया है।

करीब 227 लाख छात्र विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नामांकित हैं, जबकि व्यावसायिक प्रशिक्षण और उच्चतर शिक्षा में करीब 15.3 लाख छात्र नामांकित हैं। भारत में लगभग 1.3 लाख विद्यालय है जहां पर 227 लाख लोग पंजीकृत हैं। प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक छात्र अनुपात 1:60 है। उच्च संघर्षण दर मुख्य रूप से राज्य विनियमित विद्यालयों में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में दर्ज की गई है। प्रति वर्ष 12 से 13 लाख लोग शिक्षा और रोजगार बाजार में विद्यालय को छोड़ कर आते हैं, इनमें वे सभी लोग शामिल हैं जिन्होंने शिक्षा को पूरा किया है और जिन्होंने शिक्षा को शुरूआत में ही छोड़ दिया है (फिक्कि, 2010)।

## प्रशिक्षुता प्रणाली की प्रकृति

भारत में प्रशिक्षुता अध्ययन की एक प्रणाली है जहां नियोक्ता एक व्यक्ति को प्रशिक्षु के रूप में संलगन करता है और उसे प्रशिक्षु अधिनियम के तहत निर्धारित अवधि के लिए व्यापार में प्रशिक्षण

देता है। भारतीय राष्ट्रीय प्रशिक्षुता योजना स्वैच्छित आधार पर 1959 में शुरू हुई थी। हालांकि, योजना को अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुआ, और प्रशिक्षुता योजना को 1961 के प्रशिक्षु अधिनियम के दायरे में लाया गया जिसे 1962 से लागू किया गया था। इनके दो प्राथमिक उद्देश्य थे:

- उद्योग में प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम को विनियमित करना ताकि केंद्रीय प्रशिक्षुता परिषद द्वारा पाठ्यकर्म, प्रशिक्षण की अवधि आदि को निर्धारित किया जा सके।
- उद्योग के लिए कुशल जनशक्ति की आवश्यकताओं को पूरा करने की दृष्टि से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए उद्योग में उपलब्ध सुविधाओं का पूरी तरह से उपयोग करना।

भारतीय प्रशिक्षुता अधिनियम 1961 को 'कमाई करके सीखने' और 'काम के दौरान सीखने' के सिद्धांतों के आधार पर तैयार किया गया था। इस लक्ष्य को उद्योग के लिए कुशल जनशक्ति की आवश्यकताओं को पूरा करने की दृष्टि से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए उद्योग में उपलब्ध सुविधाओं को पूरी तरह से सक्षम होने के रूप में परिकल्पित किया गया था। नियोक्ताओं, उद्योग, उम्मीद्वार और सरकार के विभिन्न मुद्दों का समाधान करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में इसमें कई बार संशोधन किया गया है। देश में प्रशिक्षुओं की संख्या स्थिर बनी हुई है और पिछले कुछ वर्षों से इस संख्या में कोई वृद्धि नहीं हुई है। 2008–2009 में 320,000 लोगों के प्रशिक्षण में बैठने की क्षमता थी पर इसके बजाय केवल 215,000 लोग ही प्रशिक्षुता प्रशिक्षण में बैठे थे (रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिर्देशालय डीजीईटी, 2009)।

प्रशिक्षुता के चार वर्ग हैं: 1. व्यापार प्रशिक्षुता, 2. स्नातक प्रशिक्षुता, 3. तकनीशियन प्रशिक्षुता और 4. तकनीशियन (व्यावसायिक) प्रशिक्षुता।

**चित्र 2:** भारतीय प्रशिक्षुता शासन




**स्रोत:** भारत की प्रशिक्षुता शासन (2009) के प्रतिरूपन पर योजना आयोग उप समिति की रिपोर्ट और सिफारिशें, नई दिल्ली पी. 2. से लिया गया।
http://planningcommission.gov.in/reports/genrep/skilldev/sbcom_app.pdf

चित्र 2 में प्रतिभागियों की संख्या और व्यवसायों की संख्या को विस्तृत रूप से दर्शाया गया है। व्यापार प्रशिक्षुओं में शिल्पकार प्रशिक्षण योजना और प्रशिक्षु प्रशिक्षण योजना शामिल है।

रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिर्देशालय (डीजीईटी) केन्द्र सरकार के प्रतिष्ठानों और विभागों में व्यापार प्रशिक्षुओं के संबंध में अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय में माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग स्नातक, तकनीशियन और तकनीशियन (व्यावसायिक) प्रशिक्षुओं के संबंध में अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र दोनों के नियोक्ताओं के लिए प्रशिक्षण अवसंरचना अनिवार्य है– जैसा कि अधिनियम में निर्धारित है कि वे प्रशिक्षुओं को संलगन कर सकते हैं। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय (http://dget.nic.in/) का वार्षिक रिपोर्ट (2008–2009) के अनुसार इस अधिनियम के तहत 254 उद्योग समुह आते हैं, और करीब 23,900 प्रतिष्ठान प्रशिक्षुओं को नियुक्त करती है।

प्रशिक्षुता का निश्चित समय आधारित है, जैसे छः महीने, एक साल, 18 महीने, दो साल, तीन साल और चार साल। प्रशिक्षण के अंत में प्रशिक्षुओं का आकलन ऑल इंडिया ट्रेड टेस्ट के उपयोग से किया जाता है जिसे राष्ट्रीय  परिषद व्यावसायिक प्रशिक्षण द्वारा प्रशासित किया जाता है। हर व्यवसाय और क्षेत्र में प्रशिक्षुता स्थानों की संख्या आधिकारिक तौर पर स्थापित की गई है। व्यापार प्रशिक्षुओं के ''पदो'' को प्रशिक्षुता सलाहकार द्वारा निर्धारित किया जाता हैं और इसका चुनाव व श्रमिकों और प्रशिक्षुओं के निर्धारित अनुपात एवं प्रशिक्षण सुविधाओं की उपलब्धता के आधार पर करते हैं। सभी प्रशिक्षुओं और नियोक्ताओं को प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के अनुबंध में प्रवेश करने की जरूरत है जिसे प्रशिक्षुता सलाहकारों द्वारा पंजीकृत किया जाता है।

शिक्षा को प्रशिक्षुता के प्रत्येक क्षेत्र में लागू करना जरूरी है। व्यापार प्रशिक्षुओं (जिन्हें एमओएलई द्वारा देखा जाता है) को उनके पूर्व योग्यता के आधार पर दो प्रकार से लागू किया जाता है। जिन्होने केवल बुनियादी शिक्षा पूरी की है वो 'प्रशिक्षु प्रशिक्षण योजना' में प्रवेश कर सकते हैं और इन प्रशिक्षुओं को 'पूर्ण अवधि प्रशिक्षु' कहा जाता है। यदि किसी ने प्रशिक्षण पूरी की है और उसके पास आईटीआई या आईटीसी का प्रमाणीकरण है तो वो 'शिल्पकार प्रशिक्षण योजना' में प्रवेश कर सकते हैं जो प्रशिक्षण की अवधि को काफी छोटा कर देती है। प्रशिक्षण के नियम, और प्रशिक्षुता द्वारा व्यापार (2009 में 188)  को अधिनियम की अनुसूची में निहित किया गया है।

प्रशिक्षुओं को वेतन दी जाती है, जो सरकार के नियमों में निर्दिष्ट है और इसे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर हर दो साल में संशोधित किया जाता है (डीजीईटी, 2007)। प्रशिक्षुता श्रेणी के अनुसार व्यवस्था में बदलाव होता है। व्यापार प्रशिक्षु को नियोक्ताओं द्वारा वेतन दिया जाता है और प्रशिक्षण की अवधि के दौरान वेतन बढ़ता रहता है। पहले वर्ष में मासिक आय रू.1490, दूसरे वर्ष में रू.1700, तिसरे वर्ष में रू. 1970 और चौथे वर्ष में रू. 2220 (18 अक्टूबर 2010 से प्रभाव में)। स्नातक, तकनीशियन और तकनीशियन (व्यावसायिक) प्रशिक्षुओं के वेतन को सरकार और नियोक्ताओं के बीच बराबरी से बांटा जाता है। 2008 में स्नातक प्रशिक्षुओं का वेतन रू. 2600 प्रति माह होता था, तकनीशियन प्रशिक्षुओं के लिए रू.1850 और तकनीशियन (व्यावसायिक) प्रशिक्षुओं के लिए रू.1440 (एमओएलई 2009 की वार्षिक रिपोर्ट)। जैसा कि चित्र 1 से स्पष्ट है, स्नातक, तकनीशियन और तकनीशियन (व्यावसायिक) प्रशिक्षुओं के नियोक्ताओं को आंशिक रूप से वेतन वापस कर दिया जाता है, लेकिन व्यापार प्रशिक्षु नियोक्ताओं को वेतन वापस नहीं किया जाता है।

## कानून

वो कानून जो प्रशिक्षुता की नियुक्ति, प्रशिक्षण, कार्य की परिस्थितियों, संविदात्मक व्यवस्था और अनुपालन को आयोजित करती है, उसका प्रभाव अत्यधिक महत्वपूर्ण है। जहां प्रशिक्षुता संचालित होती है, वहां कानून, और कानून के नियम के तरीके, पर्यावरण पर एक शक्तिशाली प्रभाव डालती हैं और सभी हितधारकों की भागीदारी और सुविधाओं से प्रशिक्षुता का विस्तार किया जा सकता हैं। अर्थव्यवस्था में परिवर्तन कानून की जवाबदेही है, जनसांख्यिकी और उद्योग की 'आवाज' प्रशिक्षुता के लगातार सफल होने और देश को कुशल श्रम प्रदान करने के मुख्य कारण हैं।

भारत में प्रशिक्षु अधिनियम 1961 भारत के अन्तर्गत काम करने वाले प्रशिक्षुओं और नियोक्ताओं के रोजगार, हालात, प्रशिक्षण और वेतन संरचनाओं को नियंत्रित करती है।

अधिनियम के अपने लक्ष्य हैंः

1. केन्द्रीय प्रशिक्षुता परिषद द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार उद्योग में प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम का विनियमन, प्रशिक्षण की अवधि आदि का नियन्त्रण करना।
2. व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए उद्योग में उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग करना।

''अध्ययन के दौरान कमाई'' करने की प्रकृति से इसे चित्रित किया जाता है। ये अधिनियम प्रशिक्षुता के चारों वर्गो को पूरा करता है जिसे पहले बताया गया है। इस अधिनियम के कई भाग हैं जिन्हे नीचे दर्शाया गया हैः

### व्यापार के लिए पदांकित प्रशिक्षु

1. व्यापार में केंद्र सरकार व्यापार प्रशिक्षुओं और कर्मचारियों के बीच के अनुपात को निर्धारित करती है।
2. केंद्र सरकार विशेष रूप से उद्योगों के अंदर प्रशिक्षु प्रशिक्षण के लिए सुविधाओं के औचित्य को निर्धारित करती है।
3. प्रशिक्षुता सलाहकार को सरकार द्वारा निर्धारित अनुपात के भीतर व्यापार प्रशिक्षुओं को संलग्न करने के लिए नियोक्ताओं की आवश्यकता हो सकती है।
4. प्रशिक्षुओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से कई नियोक्ता एक साथ शामिल हो सकते हैं।
5. अतिरिक्त प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए सरकार को नियोक्ताओं की आवश्यकता हो सकती है।

### प्रशिक्षुओं के व्यावहारिक और बुनियादी प्रशिक्षण

1. नियोक्ताओं को कार्यस्थल में व्यावहारिक प्रशिक्षण का प्रबंध करना चाहिए।
2. केंद्रीय प्रशिक्षुता सलाहकार के पास निरीक्षण का अधिकार है।

3. यदि नियोक्ताओं के पास 500 से अधिक कर्मचारी हैं तो प्रशिक्षु प्रशिक्षण के लिए एक अलग क्षेत्र स्थापित करना चाहिए और इसके लिए कुछ सरकारी ऋण उपलब्ध है।
4. प्रशिक्षुओं को बुनियादी प्रशिक्षण सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण संस्थान में दी जाती है।
5. बुनियादी प्रशिक्षण के लिए धन का प्रावधान और प्रशिक्षुओं के लिए विभिन्न जरूरतों का प्रावधान करना जटिल है।
6. प्रशिक्षण का खर्चा नियोक्ताओं को देना होता है।

## प्रशिक्षुओं से संबंधित अनुदेशः

1. प्रशिक्षु को सैद्धांतिक प्रशिक्षण केंद्रीय सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से मिलना चाहिए।
2. इससे संबंधित अनुदेश के वित्त का प्रबंध उपयुक्त सरकार करती है लेकिन नियोक्ता को सुविधाऐं प्रदान करनी होती है।
3. प्रशिक्षण को प्रशिक्षुओं के काम की अवधि में शामिल किया जाता है।

## प्रशिक्षुता अनुबंध

प्रशिक्षुता अनुबंध को प्रशिक्षुता सलाहकार के साथ पंजीकृत किया गया है और किसी भी विवाद में इनका निर्णय निर्णायक होता है। यदि व्यापार बंद हो जाए तो प्रशिक्षुता सलाहकार प्रशिक्षु को किसी अन्य नियोक्ता के पास स्थानांतरित कर सकता है। प्रशिक्षण के अंत में प्रशिक्षु को ऑल इंडिया ट्रेड टेस्ट से गुजरना अनिवार्य होता है जिसे राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित किया जाता है और इसके साथ ही उसे व्यावहारिक परीक्षा भी देनी होती है।

## अपराध और दंड

ये तब होता है जब नियोक्ताः

1. अनुचित प्रशिक्षु को संलगन करता है।
2. प्रशिक्षुता अनुबंध के नियम और शर्तों को स्वीकार नहीं करता है।
3. प्रशिक्षुओं की उपयुक्त संख्या को संलगन करने के अधिनियम का उल्लंधन करने पर कारावास की सजा हो सकती है जो कि 6 महीने तक बढ़ सकती है और उसके साथ ही हर्जाना भी देना होता है।
4. अनिवार्य प्रलेखन को पूरा नहीं करना, या कोई गलत जानकारी देना या किसी सवाल का जवाब देने से इन्कार करना या प्रशिक्षु से वो काम कराना जो उसके प्रशिक्षण में शामिल नहीं है या एक टुकडे के हिसाब से भुगतान करना या किसी प्रशिक्षु को किसी पारितोषिक योजना में शामिल करना, नियोक्ताओं को ऐसा करने पर कारावास की सजा होगी।

अधिनियम को कई बार संशोधित किया गया है ताकि वो नियोक्ताओं, व्यापार, वाणिज्य मंडलों और अन्य हितधारकों के आलोचनाओं और सुझावों को पूरा कर सके।

## अधिनियम की व्यापकता

ये अधिनियम उन उद्योगों के समूह को निर्दिष्ट करती है जिनमें ये अधिनियम लागू होते हैं। वर्तमान में इस अधिनियम के तहत 254 उद्योग समूह हैं और 24,815 प्रतिष्ठान हैं जो व्यापार प्रशिक्षु को संलगन करती है।

**1997 के उद्योग समूहो को निम्नलिखित उद्योग समूह में इकट्ठा किया जा सकता है:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक उत्पादन और कृषि उत्पादन | 17. | विद्युत उत्पादन और गैस व भाप का निर्माण करना |
| 2. | वानिकी और संलेखन | 18. | निर्माण |
| 3. | मछली पकड़ना | 19. | थोक व्यापार |
| 4. | खनन | 20. | वस्त्रों में खुदरा व्यापार |
| 5. | खाद्य उत्पादों का निर्माण | 21. | रेस्टोरेंट और होटल |
| 6. | मदिरा का निर्माण | 22. | सड़क, वायु और जल परिवहन |
| 7. | रूई और अन्य कपड़े और कपड़ों के उत्पाद का निर्माण | 23. | कारखाना |
| 8. | लकड़ी के उत्पाद जैसे फर्नीचर का निर्माण | 24. | संचार सेवाऐं |
| 9. | कागज और पेपर के उत्पाद का निर्माण | 25. | बैंकिंग और बीमा |
| 10. | चमड़ा और चमड़े के उत्पाद का निर्माण | 26. | रियल एस्टेट |
| 11. | रासायनिक उत्पादन | 27. | व्यापार सेवाऐं |
| 12. | प्लास्टिक उत्पादन | 28. | सार्वजनिक प्रशासन और रक्षा |
| 13. | गैर धातु खनिज उत्पादों का निर्माण | 29. | स्वच्छता सेवाऐं |
| 14. | मशीनरी और उनके भागो का निर्माण | 30. | समुदायिक सेवाऐं |
| 15. | परिवहन उपकरण और कलपुर्जे | 31. | मनोरंजन और सांस्कृतिक सेवाऐं |
| 16. | पूंजीगत वस्तुओं में सुधार | 32. | व्यक्तिगत सेवाऐं |

**स्रोतः** रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिर्देशकः श्रम मंत्रालयः भारत सरकार।
http://dget.nic.in/schemes/ats/Industries.htm (7 अगस्त 2012 को स्थापित)

### अधिनियम का कार्यान्वयन

संपूर्ण भारत में प्रशिक्षु प्रशिक्षण के छहः क्षेत्रीय निदेशालय स्थित हैं। अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए यह जिम्मेदार हैं। राज्य प्रशिक्षुता सलाहकार के पास कानूनी अधिकार है और ये राज्य सरकार विभाग एवं निजी प्रतिष्ठानों में व्यापार प्रशिक्षुओं के अधिनियम में संबंध को कार्यान्वित करने के उत्तरदायी हैं।

मानव संसाधन विकास में शिक्षा विभाग मंत्रालय स्नातक, तकनीशियन और तकनीशियन (व्यावसायिक) के अधिनियम को लागू करने के लिए जिम्मेदार हैं। इसे प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के चार समितियों द्वारा किया जाता है। केंद्रीय प्रशिक्षुता परिषद एक स्वतंत्र विभाग है जो सरकार को प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना से जुड़े अधिनियम के बारे में सलाह देती है। केंद्रीय प्रशिक्षुता परिषद के पास दोनो केंद्रीय और राज्य सरकार एवं नियोक्ताओं और व्यापार यूनियनों के तरफ से उम्मीदवार हैं। (http://dget.nic.in/schemes/ats.ATSOverview.htm) 7 अगस्त 2012 से प्राप्त।

## हाल ही में हुए विकास

प्रशिक्षुता पर हाल ही में कई रिपोर्ट और नीती दस्तावेज बने हैं। इनमें से चार को हितधारकों के सलाह और विश्लेषण से चुना गया था, पर यह याद रखना होगा कि ये चारों हाल ही में प्रासंगिक रिपोर्टों और दस्तावेजों में से एक हैं। परिशिष्ट 1 में इन दस्तावेजों को उद्देश्य, समस्या के क्षेत्र और सिफारिश के शीर्षकों के अंतर्गत रखा गया है।

इन उच्च स्तरीय रिपोर्ट में भारत के कई ऐसे मुद्दों पर चर्चा किया गया है जिनका सामना भारत ने उच्च युवा बेरोजगारी एवं प्रशिक्षुता प्रणाली के विस्तार में उद्योगों कौशल की कमी की दोहरी समस्या को हल करते वक्त पाया है।

पहला दस्तावेज कौशल विकास पर राष्ट्रीय नीति (एमओएलई, 2009) है जो संपूर्ण राष्ट्रीय कौशल विकास को देखती है, जिनमें से प्रशिक्षुता एक है, वर्तमान में यह एक छोटा भाग है। दूसरा दस्तावेज भारत की प्रशिक्षुता व्यवस्था 2009 योजना आयोग उप समिति का निर्माण है और यह हाल ही में उच्च स्तर पर सरकार द्वारा किए गए परिवर्तन के प्रयासों का समर्थन करता है। तीसरा दस्तावेज आईएलओ और कमाटका नियोक्ता संध (अखिलेश, 2010) द्वारा प्रमाणित भारतीय प्रशिक्षुता कानून का एक विश्लेषण है। चौथे दस्तावेज में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में परामर्श प्रकिया का आयोजन किया गया है, सीआईआई दस्तावेज संस्थान का दृश्य दिखलाने के साथ  अन्य जगहों में हो रहे मुद्दो को भी दर्शाता है। यह उल्लेखनीय है कि दस्तावेजों के बीच कई समस्याओं वाले क्षेत्र और कई सिफारिश आम हैं। सभी चर्चाओं और रिपोर्टों को जो मुद्दे सहारा देते हैं वे क्षेत्र और लोगों के समूह के बीच असमानता, उच्च बेरोजगारी, तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और विशाल अनौपचारिक अर्थव्यवस्था है।

इसके अलावा श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा प्रशिक्षु प्रशिक्षण योजना के तहत 'भारत में व्यापार प्रशिक्षुता प्रशिक्षण' पर ताजा रिपोर्ट प्रदान किया जाता है (अक्टूबर, 2011)। यह प्रकाशन अपनी श्रृंखला में 13वें स्थान पर है और यह योजना और प्रशिक्षुता अधिनियम 1961 के तहत प्रशिक्षु प्रशिक्षण में सुधारात्मक कारवाई करने के लिए एक विश्वसनीय डेटाबेस बनाने की दिशा में कर रहे प्रयास को दर्शाती है। इस प्रकाशन में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रतिष्ठानों के आंकड़े, सेवन क्षमता, उत्पादन और श्रम बाजार में रोजगार सहित योजनाओं की वर्तमान स्थिति का एक संक्षिप्त विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है (प्रस्तावना)।

रिपोर्ट में कुछ बहुत महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। विशेष रूप से यह निम्नलिखित जानकारियों को दर्शाती हैः

1. उद्योग में प्रशिक्षुओं की बहाली उपलब्ध क्षमता से कम है।
2. प्रतिष्ठानों की भागीदारी दर में वृद्वि हुई है।
3. ट्रेड टेस्ट में सफल प्रशिक्षुओं की संख्या बढ़ गई है।
4. 8 व्यापार क्षेत्रों में ना ही बहाली और ना ही नामांकन की क्षमता थी।
5. 16 व्यापार क्षेत्रों में बहाली की क्षमता थी पर उनमें कोई नामांकन नहीं हुआ था।

रिपोर्ट में भारत के प्रशिक्षुता पर एक मंत्रालय परिप्रेक्ष्य प्रदान करती है। प्रणाली में सुधार का दौर स्थिर नहीं है, लेकिन इसमें लगातार विकास हो रहा है। यह इस तथ्य को स्वीकार करती है कि सेवा क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है, क्योंकि अन्य देशों से भारत को तकनीकी समर्थन और ग्राहक सेवाऐं प्राप्त हो रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था के वे क्षेत्र भी दर्शाए गए हैं जहां विकास संभव हैं जिनमें विनिर्माण, जहाज निर्माण, फार्मासियूटिकलस, विमानन, जैविक प्रौद्योगिकी, पर्यटन, स्वर्णाभूषणों और संचार शामिल है (पी. 1)। प्रशिक्षुता को एक व्यापक नीति बल के रूप में माना

गया है जो कौशल के स्तर में सुधार करने के साथ साथ भारत के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक समस्याओं को भी संबोधित करता है।

# भारतीय व्यवस्था के जाने हुए मुद्दे

कई मुद्दों का पता ऊपर दिए गए भारतीय प्रणाली पर जानकारियों के साथ सरकारी रिर्पोट, शोध पत्र, सरकारी जांच के लिए हितधारकों की प्रस्तुतियॉ, और हितधारकों से की गई टेलीफोन साक्षात्कार से प्राप्त किया गया है। सबसे पहले एक अवलोकन प्रदान किया गया है और उसके बाद तेरह प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई है। अवलोकन किया गया है कि, मुद्दों को प्रशिक्षुता व्यवस्था और प्रासंगिक मुद्दों में विभाजित किया जा सकता है।

## अवलोकन

### प्रशिक्षुता व्यवस्था से ही जुड़े मुद्देः

- नियोक्ताओं और श्रमिकों दोनो की भागीदारी  संख्या अन्य देशों की तुलना में बहुत कम है।
- प्रशिक्षुओं की वेतन दर बहुत कम है।
- नियोक्ताओं के लिए उच्च स्तर के नियमों की आवश्यकता है और उसके गैर अनुपालन पर दंड होनी चाहिये।
- प्रशिक्षित शिक्षकों और प्रशिक्षकों की कमी है।
- आईटीआई में आधुनिक उपकरणों, कच्चे माल और बुनियादी सुविधाऐं ईत्यादी का अभाव है।
- जहां उच्च रोजगार क्षमता है वहां सेवा के क्षेत्र में व्यापार की कमी है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षुओं की कमी है।
- पाठ्यक्रम कभी कभी पुरानी और अनम्य होती है।
- विभिन्न एजेंसियों के बीच समानता की कमी है।
- प्रशिक्षुता पूरा होने के बाद भी रोजगार की दर कम है।
- प्रशिक्षुओं में उच्च स्तर योग्यता में गतिशीलता का आभाव है।
- पाठ्यक्रम के विकास और समीक्षा में नियोक्ताओं और उद्योगों की भागीदारी में कमी है।
- कोटा व्यवस्था प्रभावी नहीं है।

## प्रासंगिक मुद्दे

जो प्रशिक्षुता के अनिवार्य विस्तार को प्रदान करता हैः

- अत्यधिक संख्या में कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता
- योग्य और कुशल कर्मचारियों को अत्यधिक संख्या में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए संस्थानों की संख्या सीमित है।

- विशेष रूप से उच्च बेरोजगारी और उच्च युवा बेरोजगारी।
- स्नातक योग्य लोगों की तुलना में व्यापार योग्य लोगों की अधिपूर्ति।

वे मुद्दे जो प्रशिक्षुता के विस्तार को मुशकील बनाते हैं:

- व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण की स्थिति में कमी।
- विशेष रूप से  प्रशिक्षुता के सामाजीक स्थिति में कमी।
- विशाल अनौपचारिक अर्थव्यवस्था।
- ग्रामीण क्षेत्रो में जनसंख्या की विशाल अनुपात।
- सरकार और प्रशासन के विशाल प्रणाली के मौजूदा स्तर की जटिलता की सीमित क्षमता।

## 13 मुख्य मुद्दे

इस भाग में हम विस्तार से कई मुद्दों का विश्लेषण करेंगे। इनमें से कुछ मुद्दे दूसरे देशों में भी पाऐं जाते हैं और उनके बारे में इस रिपोर्ट में पूरी चर्चा की गई है (स्मीथ एट. आल. 2013)

### *1. प्रणाली में उद्यम व्यवस्था की कमी*

भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार को देखते हुए, प्रशिक्षुओं को भर्ती करने वाले उद्यमों की संख्या काफी कम है करीब 24000 प्रतिष्ठान ही हैं। तुलना करने पर, ऑस्ट्रेलिया के एक राज्य क्वीनसलैंड में नियोक्ताओं की संख्या प्रशिक्षुओं को रोजगार देने में 22,500 है (केवल तीसरा सबसे आबादी वाला राज्य) और ब्रिटेन में 120,000 कार्यस्थल हैं जो प्रशिक्षुओं को रोजगार देती है, हालांकि उनमें मुख्य उद्योगों के कई कार्यस्थल शामिल हैं। उद्यमों की कम संख्या सीमित व्यावसायिक क्षेत्र के कारण है लेकिन ये नियोक्ताओं पर नियुक्ती की उच्च आवश्यकता के कारण भी है जैसा कि कई अंकों में समझाया गया है।

### *2. उद्योग के प्रशिक्षण में अनुचित आवश्यकता*

व्यापार प्रशिक्षुओं को बुनियादी प्रशिक्षण और 'संबंधित अनुदेश प्रशिक्षण' प्रशिक्षुओं के नियमानुसार नियोक्ताओं द्वारा प्रदान किया जाना चाहिये। ये आवश्यकता व्यावहारिक प्रशिक्षण के अतिरिक्त है जो काम के दौरान प्राप्त होती है, और यह राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रणाली के बीच असामान्य है जिसमें नियोक्ताओं को कक्षा में प्रशिक्षण देना अनिवार्य है। कक्षा प्रशिक्षण में बाहरी स्रोत से सेवाऐं सिर्फ असाधाराण परिस्थिति में ली जा सकती है। इस नियम का प्रभाव केवल व्यापार प्रशिक्षुओं के बुनियादी प्रशिक्षण के प्रावधान में लगे पर्याप्त लागत को नियोक्ताओं द्वारा उठाना चाहिए, और यह प्रशिक्षुओं की भर्ती को अपेक्षाकृत बदसूरत बना देती है। शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत उद्योग में औपचारिक प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं होती है, क्योंकि ऐसा माना जाता है  कि वे अपनी बुनियादी प्रशिक्षण को सरकार द्वारा चलाए जा रहे औद्योगिक संस्था में या निजी तौर पर चलाए जा रहे संस्था से पूर्व निर्देश के माध्यम से प्राप्त करते हैं जिसके लिए प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र मिलता है। आदेशात्मक विनियमन के बावजूद, चिंता रहती है कि कुछ तिमाही में प्रशिक्षुओं को उद्योग में ठीक से प्रशिक्षण नहीं दी जाती है, और ऐसी धारणा है कि उनका उपयोग कभी कभी सस्ते श्रम के रूप में किया जाता है।

प्रशिक्षुता नियमों के नियम 9 ए के आदेश के अनुसार उद्योग को चलाने के लिए कर्मचारी का स्वरूप, उसकी योग्यता और व्यावहारिक सुविधाओं की आवश्यकता है। आवश्यकताऐं कठोर हैं और यह विनिर्माण उद्योगों के लिए विशाल कार्यबल के प्रति उन्मुख होने के साथ इसकी प्रासंगिकता बढ़ती कौशल सेवा क्षेत्र में सीमित है। प्रशिक्षकों की योग्यता भी नियम 9 अनुसूची 4 के तहत संहिताबद्ध है, ये नियम भी कठोर हैं, क्योंकि इनमें प्रमाण पत्र और अनुभव के साथ अधिक उन्नत उद्योग योग्यता की आवश्यकता होती है। हालांकि यह आवश्यक नही है, केवल 'वांछित' है कि प्रशिक्षण कर्मचारी शिक्षण या प्रशिक्षण में योग्य हो। इस प्रकार, हालांकि उद्योगों को अपने कक्षा के अंदर औपचारिक प्रशिक्षण देना अनिवार्य है, उन्हें शिक्षण या प्रशिक्षण में योग्य कर्मचारियों को काम पर रखना आवश्यक नही है। यह भी सूचना दी गई है कि प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम की गुणवत्ता में कमी है और यह वर्तमान समय से बाहर है।

### *3. कार्यस्थल पाठ्यक्रम की गुणवत्ता को लेकर चिंताऐं*

इस अधिनियम के तहत भारतीय उद्योगो को निर्देशित प्रशिक्षुओं को लेना चाहिये, लेकिन इस बात की कोई जिम्मेदारी नही है कि उन्हे जो प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है वो उच्च गुणवत्ता की है। कार्यस्थल पाठ्यक्रम का आभाव समान गुणवत्ता के प्रमुख कारणों में से एक है जो कि वर्तमान, सुलभ है और कार्यस्थल में लागू होने के लिए सक्षम है। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को मान्यता प्राप्त है कि वो समय से पूराना है और अपर्याप्त सैद्धांतिक धटकों को लेकर चिंताऐं हैं। एक चिंता का विषय यह भी है कि नियोक्ता प्रशिक्षुओं को केवल अपने खास कार्यस्थल के प्रक्रियाओं में निपूण होने में प्रशिक्षित करती है। प्रशिक्षुता प्रमाण पत्र परीक्षण से  जो प्रशिक्षु गुजरते हैं उनमें से केवल 70 प्रतिशत ही सफल हो पाते हैं, इस तथ्य को अपर्याप्त प्रशिक्षण के संकेत के रूप में देखा जा सकता है।

एक बड़े पैमाने पर प्रशिक्षुता प्रणाली में आभाव के कारण कई बड़े उद्योगो ने नए प्रशिक्षुओं के लिए अपने खुद के अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम को विकसित किया है। नियोक्ता जो वर्तमान प्रशिक्षण व्यवस्था से असंतुष्ट हैं वे अपने खास कार्यबल के जरूरत के अनुसार व्यवस्था को तैयार करते हैं। इसका मतलब है कि श्रमिकों को राष्ट्रीय स्तर योग्यता पर मान्यता प्राप्त नही है, और उद्योग आधारित प्रशिक्षण प्रदाताओं के पंजीकरण के लिए प्रणाली के भीतर कोई व्यवस्था नही है।

### *4. विदेशी नौकरी के बाहर प्रशिक्षण की कमी*

अधिकांश अन्य देशों में, प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के एक 'दोहरे' नमूने की पेशकश है। प्रशिक्षु नियमित रूप से प्रशिक्षण प्रदाता के पास भाग लेते हैं 'प्रकाशन के दिन' या 'विभागीय प्रकाशन' इनके उदाहरण हैं। लगभग कई देशो में पांच में से एक प्रशिक्षु का समय इस तरह गुजरता है। ऐसी प्रणाली के लिए इसलिए तर्क हो रहा है ताकि प्रशिक्षुओ को सीखने का ज्यादा अनुभव हो सके, खराब तरह से सुसज्जित या कर्मचारी कार्यस्थल के लिए मुआवजा मिल सके और प्रशिक्षु अन्य प्रशिक्षुओं से कुछ सीख सके। इस प्रणाली से नियोक्ताओं के जरूरतों का पता चलता है कि नियोक्ताओं को सैद्धांतिक प्रशिक्षण और नौकरी के बाहर अध्ययन करने वालो को जगह और समाग्री प्रदान करना चाहिये। दूसरे शब्दो में, प्रशिक्षु को उसके या उसके कार्यबल के दौरान प्रशिक्षण को समाप्त करने की जिम्मेदारी दो दलो के बीच सुनिश्चित किया जाता है। भारतीय प्रणाली में, अगर कोई एक बार प्रशिक्षुता शुरू करता है तो चाहे वो आईटीआई या आईटीसी व्यावसायिक योग्यता या बुनियादी प्रशिक्षण को पूरा करे उसके बाद उसे विदेशी प्रशिक्षण से गुजरना अनिवार्य नही होता है।

### *5. सीमित व्यावसायिक क्षेत्र*

भारतीय औपचारिक प्रशिक्षुता प्रणाली सीमित है और कुछ मायनों में ये पुराने समय के हैं, नामित व्यापार की एक सूची है जिनमें प्रशिक्षुता प्रदान की जा सकती है। रोजगार एवं श्रम मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार प्रशिक्षुता अधिनियम के अंतर्गत 97 उद्योग हैं (http://www.dget.gov.in/schemes/ats/Industries.htm) और नामित व्यापार के 35 समूह हैं और प्रत्येक में कई उप समूह हैं (http://dget.nic.in/schemes/ats/ATStrade.pdf). अधिकतर व्यापार की संख्या कम है। 2009 के आंकड़ों के अनुसार प्रशिक्षुओं के प्रारम्भ में केवल 9 उद्योगो ने 1000 प्रशिक्षुओं को नियुक्त किया था और उनमें से केवल तीन (खाद्य उत्पादन, कोषाध्यक्ष और खुदरा सहायक) उत्पादन या उपयोगिता के क्षेत्र में नही थे। कई व्यापारों में सिर्फ एक मुट्ठी भर, या शून्य प्रवेशक थे और उन व्यापारो की सूची में जिनमें प्रशिक्षुता की पेशकश की जा सकती थी,[2] उनमें सेवा और व्यापार क्षेत्र वर्जित हैं। कानून के शब्द दर्शाते हैं कि प्रणाली का लक्ष्य विनिर्माण उद्योग है। फिर भी, विनिर्माण उद्योग केवल 11 प्रतिशत कर्मचारियों की नियुक्ति करता है, जिसमें विनिर्माण, निर्माण, सुविधाऐं और खनन को मिलाकर 21.5 प्रतिशत कार्यबल तैयार[3] होता है।

उद्यमों के अनुरोध से नए व्यवसायों को एमओएलई से जोड़ना संभव है, पर सूचना है कि ऐसा करने की प्रणाली बोझील और धीमी है, और नए व्यवसायों को जोड़ने के उद्देश्य से अर्थव्यवस्था की जांच के लिए कोई व्यवस्थित प्रक्रिया नही है, जैसा कि जर्मनी में पाया जाता है।

### *6. नियोक्ता और उद्योग की सीमित भागीदारी*

प्रशिक्षुता प्रणाली में जटिलता जनता में इसके कार्य विधि को लेकर अज्ञानता और इसके प्रचार की कमी के कारण है और ये सभी प्रशिक्षुता के नीति के निर्माण और उससे जुड़े पेशे में उद्योगो की भागीदारी को कम करता है। कौशल विकास राष्ट्रीय नीति के तहत 21 कौशल परिषद वर्ग को धीरे धीरे स्थापित किया जा रहा है, और यह अधिक बारीकी से सार्वजनिक निजी भागीदारी में व्यापार, उद्योग, नियोक्ताओं और अन्य हितधारकों के प्रयासों का प्रतिनिधित्व करता है। हालांकि, इसके बावजूद भी उद्योगो को नीति तैयार करने के लिए और प्रशिक्षुता प्रणाली की व्यावहारिक कार्यान्वयन में एक 'आवाज' नहीं लगती है।

व्यक्तिगत नियोक्ताओं को भी उनकी भागीदारी में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। अखिल भारतीय उद्योग (देश में अधिक से अधिक चार राज्यों में प्रशिक्षुओं के साथ) को राज्य और केंद्र सरकार के सहायकों से बातचीत करके मंजूरी लेनी होती है और यह बहुत मुशकील काम होता है। निजी क्षेत्र उद्योग में प्रशिक्षुओं की स्वीकृति राज्यों के नियंत्रण में आती है। वे उद्योग जो राज्य भर में सक्रीय हैं उनके लिए यह एक अत्यधिक नौकरशाही प्रकिया हो जाता है, और उद्योग संघों के लिए यह एक सीमित तरीका है।

### *7. सख्त पीढ़ी और भारी विनियमन और अनुपालन*

प्रशिक्षुता अधिनियम 1961 के शर्तों और भारतीय प्रणाली के रिपोर्ट का हाल में हुआ विश्लेषण इस तथ्य की पुष्टि करता है कि नियोक्ताओं के लिए अनुपालन भारी है और यह अक्सर नियोक्ताओं

---

2 संलग्नक, भारत में व्यापार प्रशिक्षुता प्रशिक्षण, 31.12.2009 को, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय।

3 लोगों में रोजगार पर दूसरा वार्षिक रिपोर्ट 2011, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय।

को उच्च लागत प्रदान करता है, और कानून के उल्लंघनों और नियमों के साथ अनुसूची के लिए दंडात्मक परिणाम और जुर्माना है। नियम के प्रवर्तन को ढ़ीला कहा गया है पर जो नियोक्ता नियम के उल्लंघनों के दंड और कारावास की सजा से डर कर औपचारिक प्रणाली में भाग नहीं लेते हैं उनके लिए आराम की संभावना नही है। उद्योग में नौकरी के दौरान विदेशी प्रशिक्षण का मतलब है कि नियोक्ताओं को संतोषजनक प्रशिक्षु नियोक्ता कहलाने के लिए उच्चे स्तर पर जाना है। इसके अलावा, प्रशिक्षु अधिक से अधिक बेहतर रोजगार की स्थिति और अन्य कर्मचारियों की तुलना में रोजगार के संरक्षण का आनंद ले रहे हैं और इससे यह सूचित किया गया है कि प्रशिक्षुओं की भर्ती करना आसान है पर उन्हें नौकरी से निकालना मुश्किल है। हालांकि प्रशिक्षुओं की वेतन कम है फिर भी वे पूर्णतया मंहगे हैं जैसे छुट्टी के प्रावधान में उन्हें नियुक्त करना, स्वीकार्य रोजगार घंटे इत्यादि।

आवश्यकताओं के भारी होने के साथ ही प्रत्येक प्रशिक्षु के बारे में विस्तृत जानकारी आवश्यक है। इतने विस्तृत जानकारी के उद्देश्य को समझना मुश्किल है और अगर प्रणाली का विस्तार हो रहा हो तो इन प्रथाओं को जारी रखना संभव नही होगा क्योंकि इससे प्रशासनिक बोझ बहुत बढ़ जाएगा।

### *8. प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के निम्न स्थिति*

भारत में अनौपचारिक प्रशिक्षण और कार्यस्थल अध्ययन की परंपरा काफी लम्बी है। इस परंपरा को 'अनौपचारिक प्रशिक्षुता प्रणाली' में संरक्षित किया गया है जो कि औपचारिक प्रणाली के साथ मौजूद है। हालांकि औपचारिक प्रणाली से प्रतीत होता है कि यह समस्याओं की एक श्रृंखला से आक्रांत है जिसके फलस्वरूप इसके सम्मान और स्थिति के स्तर में कमी हुई है। भारत में व्यावसायिक शिक्षा की कथित कमी का मतलब है कि माध्यमिक विद्यायालयों के बेहतर स्नातक प्रशिक्षुता का चयन नहीं करतें हैं।

### *9. अस्पष्ट दलों का दायित्व*

प्रशिक्षुओं, नियोक्ताओं और अन्य हितधारकों के लिए जटिल प्रशासनिक प्रणाली की व्यवस्था और उसमें उनकी भूमिका को समझना मुश्किल है। आसानी से उपलब्ध जानकारी की पूर्णतया कमी है। इसका मतलब है कि सभी दल अपने  जिम्मेदारियों से अनजान है। उच्च स्तर पर, हितधारकों और उद्योगो के बीच प्रशिक्षुता प्रणाली को बढ़ाने की जिज्ञासा है लेकिन हस्ताक्षेप के अंकों को बताना मुश्किल है। अधिकांश सभी देशों में कुछ को छोड़ कर प्रशिक्षुता प्रणाली को जटिल माना गया है, इसलिए जरूरी नही है कि जटिलता एक मुद्दा हो। हालांकि, प्रणाली में विशेषज्ञता 'नोडस' होना जरूरी है जिसके द्वारा लोगो को सलाह, जानकारी और सहायता प्राप्त हो सके।

### *10. अधिक से अधिक विभिन्न प्रतिभागियों को शामिल करने की आवश्यकता*

वाचित समूहो के लिए प्रशिक्षुता का आरक्षण चिंता का एक विषय है क्योंकि इस तरह के समूहों को कोई अवसर प्रदान नही करता है। 2008 में प्रशिक्षुता अधिनियम में 'अन्य पिछड़ा वर्ग' में उम्मीदवारों के आरक्षण को लेकर संशोधन किया गया था। हालांकि आरक्षण से नियोक्ताओं पर एक बड़ा बोझ आ गया है। दक्षिण अफ्रीका ने अपने प्रशिक्षुता प्रणाली को केवल गोरे लोगो से नस्ली प्रतिनिधि के

तौर पर बदल दिया है। उस देश में यह व्यापक राष्ट्रीय अनिवार्यता का हिस्सा था, इनमें सभी वर्गो के साथ लिंग प्रतिभागियों का शामील होना अनिवार्य था।

इसके अलावा, प्रशिक्षुओं में मुख्यता युवा लोग हैं 14 वर्ष की न्यूनतम उम्र और परिपक्व आयु वर्ग के लिए प्रशिक्षुता प्रणाली को अपनाने के लिए कोई नामित प्रणाली नही है। अन्य देशों में प्रशिक्षुता सभी वर्ग के लोगों के लिए खुला है, हालांकि युवा लोगो के लिए अलग प्रलोभन है ताकि उन्हें उत्साहित किया जा सके, जैसा कि सामान्यताः माना जाता है कि प्रशिक्षुता खासकर युवा लोगो के लिए है। भारत की जनसंख्या में प्रौढ़ जनसंख्या की विशाल दर अप्रशिक्षित है और प्रशिक्षुता इस कार्यबल को प्रशिक्षित नही कर सकती है।

